एक नजर में

राम मंदिर में दान राशि चोरी मामले पर युवा कांग्रेस का विरोध

शुजालपुर, 29 जून . अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी के मामले को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया . कार्यकर्ताओं ने नगर के रोकड़िया हनुमान मंदिर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर ईश्वर से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की,इस अवसर पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे . युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने मन की बात के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं, लेकिन राम मंदिर में दान राशि की कथित चोरी के मामले पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है . उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में जवाब देने की मांग की . उन्होंने कहा कि कांग्रेस रामलला और मंदिर का सम्मान करती है, लेकिन श्रद्धालुओं की दान राशि में कथित अनियमितता गंभीर विषय है . इसी भावना के तहत कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की . कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अचल मेवाड़ा, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पार्षद भूपेंद्र सोनी, राजेंद्र सिंह राजू दरबार, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौर, मंडलम अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेंद्र नाहर, मनोहर जाटव, युवा कांग्रेस शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

मुनिश्री निर्णय सागर का मंगल प्रवेश आज

शुजालपुर, 29 जून . धर्मनगरी शुजालपुर में मंगलवार 30 जून को पाठशाला प्रेरक, आचार्य मुनिश्री 108 निर्णय सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश होगा . वे आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावी शिष्य हैं . उनके आगमन को लेकर दिगंबर जैन समाज में उत्साह का माहौल है . ट्रस्ट के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि मुनिश्री का मंगल प्रवेश मंगलवार सुबह 8 बजे होगा . ब्रज नगर मंदिर से उनकी भव्य अगवानी की जाएगी . इसके बाद शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बड़ा मंदिर, मिर्ची बाजार और विद्या वाटिका पहुंचेगी . जहां धर्मसभा का आयोजन होगा . उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में मुनिश्री का शुजालपुर में चातुर्मास हुआ था . एक बार फिर उनके नगर आगमन से समाज स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा है . समाजजनों द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं . आयोजन को सफल बनाने में निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, शांतिनाथ दिगंबर ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन जैन, कार्याध्यक्ष शिखर जैन, कोषाध्यक्ष संतोष जैन, महामंत्री खुशहाल जैन, पंच बाल्याती मंदिर के अध्यक्ष राजेश जैन, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नेमीचंद जैन, सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र जैन तथा धवल चातुर्मास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र जैन सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं .

संत पतरस की भक्ति का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

शुजालपुर, 29 जून . ईसाई समाज के प्रमुख संत संत पतरस की स्मृति में शुजालपुर के दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल चर्च में तीन दिवसीय भक्ति उत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . 26 से 28 जून तक आयोजित कार्यक्रमों में विशेष प्रार्थना सभाएं, आराधना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए . धार्मिक सभा में फादर ने संत पतरस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे प्रभु यीशु के 12 प्रेरितों में प्रमुख थे . उन्होंने अपने जीवन में प्रभु यीशु की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार किया और ईसाई धर्म के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई . संत पतरस का जीवन त्याग, सेवा, विश्वास और पश्चाताप का संदेश देता है, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत है . कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु से विश्व में शांति, प्रेम और भाईचारे की कामना करते हुए विशेष प्रार्थनाएं कीं . चर्च परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भक्ति गीतों और आराधना के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ . आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष 29 जून को संत पतरस एवं संत पॉल का पर्व विश्वभर के ईसाई समुदाय द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है . इसी क्रम में शुजालपुर में भी तीन दिवसीय आयोजन किए गए . फादर एवं विद्यालय परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से प्रेम, सेवा और मानवता के संदेश को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया .

ठगी के शिकार 37 फरियादियों को मिली लूटी गई राशि

शाजापुर, 29 जून . साइबर ठगी के शिकार 37 फरियादियों की ठगों द्वारा लूटी गई राशि को पुन : उनके खाते में रिफंड कर दिया गया है . अभी तक गृह मंत्रालय के एमआरएम पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के पीड़ितों लगभग 1 लाख 16 हजार की राशि रिफंड कराई जा चुकी है . भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आईसी नई दिल्ली द्वारा संचालित पोर्टल के पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत साइबर अपराध के पीड़ितों के बैंक खातों में होल्ड की गई राशि को त्वरित रूप से वापस दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है . इस संबंध में राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिशा .निर्देश जारी किए गए थे . जिसके पालन में एसपी यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में शाजापुर पुलिस की साइबर टीम एवं जिले के समस्त पुलिस थानों द्वारा समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के पीड़ितों के 37 खातों में कुल 1 लाख 16 हजार 727 की राशि सफलतापूर्वक रिफंड कराई गई . जिससे पीड़ितों को राहत मिली और उन्होंने साइबर टीम व एसपी का आभार व्यक्त किया है .

पुलिस ने की आमजन से अपील

एसपी यशपालसिंह राजपूत ने लोगों से अपील की है कि यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होते हैं तो बिना विलंब राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें . समय पर शिकायत दर्ज होने से ठगी गई राशि को होल्ड कर पीड़ित को वापस दिलाने की संभावना काफी बढ़ जाती है .

होमगार्ड जवानों को बाढ़ आपदा ड्यूटी के लिए बना रहे दक्ष

चीलर डेम पर 7 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन

शाजापुर, 29 जून. होमगार्ड नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मप्र एवं महानिदेशक श्रीमती ऋचा श्रीवास्तव व कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन अध्यक्ष सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 50 वर्ष तक की उम्र तक के होमगार्ड जवानों को बाढ़ आपदा ड्यूटी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित एवं दक्ष बनाने के लिए डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में 29 जून से 5 जुलाई 2026 तक एक सप्ताह का प्रशिक्षण तैराकी प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डर सुश्री नम्रता सरावत एवं टीम द्वारा चीलर डेम शाजापुर पर चलाया जा रहा है.

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति में जान-माल की सुरक्षा हेतु होमगार्ड जवानों को दक्ष एवं आत्मनिर्भर बनाना है. प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन की प्रमुख जानकारियां प्रदान करना, बाढ़ पूर्व तैयारियां करवाना, चेतावनी तंत्र एवं राहत कार्य मे दक्षता, खोज एवं बचाव कार्य मे निपुणता, नाव संचालन, ओबीएम मोटर बोट चलाना, डूबते व्यक्ति को बचाना, रस्सी-गांठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा के तहत कृत्रिम श्वांस, घायलों को प्राथमिक उपचार एवं स्ट्रेचर का प्रयोग, राहत शिविर प्रबंधन अस्थायी शिविर लगाना, भोजन-पानी वितरण एवं भीड़ नियंत्रण, आधुनिक उपकरणों का प्रशिक्षण लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, इंफ्लेटेबल बोट एवं संचार उपकरणों का व्यावहारिक उपयोग करना सिखाया जा रहा है.

ब्रीथिंग एक्सरसाइज का अभ्यास कराया . . .

प्रशिक्षण के पहले दिन 29 जून को तैराकी प्रशिक्षण के दौरान टोईंग मेथड (चीन टो, हेड टो इत्यादि) ब्रीथिंग एक्सरसाईज आदि का अभ्यास कराया गया . लाईफबॉय, लाईफजैकेट एवं रस्से का उपयोग करते हुए बाढ़ के दौरान डूब क्षैत्र में फंसे लोगों को कैसे बचाया जा सकता है, इसका प्रशिक्षण एवं डूब क्षैत्रों में इम्प्रवाईस मेथड द्वारा बचाव साधन कैसे तैयार किए जा सकते हैं का प्रशिक्षण भी दिया गया है . सुबह के समय में अंडर वाटर रेस्क्यू की मैथर्डस का प्रशिक्षण चीलर डेम पर चल रहा है .

5 जुलाई तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यकम

आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए जिले में विभिन्न डीआरसी, क्यूआरटी एवं ईओसी स्थापित की गई है, जिसमें सम्मिलित किए जवानों को रेस्क्यू के दौरान विक्टीम को सीपीआर देना, कैरी मेथड, प्राथमिक उपचार देना तथा रेस्क्यू में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही कर दुर्घटना के समय लोगों को बिना जान-माल की हानि के बचाया जा सके . महानिदेशक का मुख्य उददेश्य बाढ़ आपदा के समय सभी जवानों को तैराकी प्रशिक्षण में कुशल करके आपदा के समय जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके . उक्त प्रशिक्षण 5 जुलाई तक लगातार चलाया जाएगा .

डेयरी संचालक पर डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड

आगर-मालवा, 29 जून. अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं पदेन न्याय निर्णयन अधिकारी आरपी वर्मा के न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर एक दूध डेयरी संचालक पर डेढ़ लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है. जारी आदेशानुसार 20 सितंबर 2024 को श्री श्याम दूध डेयरी, मदकोटा से लिए गए भैंस के दूध का नमूना राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया. जहां अमानक दूध की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था. न्यायालय ने मामले में दोष सिद्ध होने पर श्याम दूध डेयरी मदकोटा के संचालक महेन्द्र सिंह पिता मानसिंह चौहान पर 1 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया. न्यायालय के आदेशानुसार उक्त प्रकरण में जुर्माना राशि 15 दिवस के भीतर जमा करनी होगी. निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा भू राजस्व संहिता की धारा 96 के तहत वसूली एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

मालवीय कल शाजापुर जिले के दौरे पर

शाजापुर, 29 जून. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय 01 जुलाई 2026 को शाजापुर जिले के दौरे पर रहेंगे. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 10.30 बजे शाजापुर सर्किट हाउस पहुंचेंगे. 11.30 बजे जिला पंचायत शाजापुर के सभागृह में समस्त जिला अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे तथा दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों से भेंट करेंगे. शाम 5.30 बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे.

अगरबत्ती निर्माण पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

शाजापुर, 29 जून. बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर द्वारा ग्राम गणेशपुर ब्लॉक कालापीपल में 18 जून से 29 जून तक अगरबत्ती निर्माण विषय पर पूर्णत: नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण तक संचालित किया. जिसका समापन कार्यक्रम सोमवार को बीओआई-आरसेटी शाजापुर में किया गया.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया अग्रणी कार्यालय प्रबंधक शैलेन्द्र सुमन, मध्यप्रदेश डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिपं शाजापुर से जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त मनोज जोशी, जिला प्रबंधक वित्त राजेश पांडे, ईडीपी एसेसर प्रेमनारायण उपाध्याय, डोमेन एसेसर श्रीमती निशा माथुर, आरसेटी निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, स्टाफ जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, सुमित खत्री, सुश्री तन्वी सोनी, महेश कुमार मालवीय सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे.

शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने का आह्वान

महाराष्ट्रीयन समाज ने मनाया हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस

शुजालपुर, 29 जून. ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के अवसर पर रविवार को सरस्वती विद्यालय में महाराष्ट्रीयन समाज एवं शिव ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला सह कार्यवाह दिनेश प्रजापति ने छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवाजी पंवार ने की. मुख्य वक्ता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी रणनीतिकार, कुशल प्रशासक, उत्कृष्ट कूटनीतिज्ञ और प्रेरणादायक राष्ट्रनायक थे. उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि बुद्धिमत्ता अनेक बार संख्या और संसाधनों पर भारी पड़ती है तथा संकट की घड़ी में धैर्य और विवेक सबसे बड़े हथियार होते हैं. उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का उद्देश्य केवल राज्य विस्तार नहीं था, बल्कि ऐसी शासन व्यवस्था स्थापित करना था, जिसमें जनता की सुरक्षा, सभी के लिए न्याय, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा, उत्तरदायी प्रशासन, अनुशासित सेना तथा आत्मनिर्भर राज्य की अवधारणा साकार हो. इसी कारण उनका हिंदवी स्वराज्य भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण राजनीतिक और सांस्कृतिक अवधारणा माना जाता है. कार्यक्रम में उपस्थितजनों से शिवाजी महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया. वक्ताओं ने कहा कि साहस के साथ विवेक, कूटनीति, सेवा भाव और दूरदृष्टि ही सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार है. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

आवारा कुत्तों के हमले से हिरण का शावक घायल

ग्रामीणों और डायल 112 ने बचाई जान

शुजालपुर, 29 जून. समीपस्थ ग्राम पिपलोद में गत दिवस को मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली. आवारा कुत्तों के झुंड ने एक हिरण के शावक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. शावक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई. इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई.

जानकारी मिलते ही डायल 112 के पायलट संदीप एवं सहायक उप निरीक्षक जयराम रजौरिया तत्काल मौके पर पहुंचे. उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से घायल शावक को सावधानीपूर्वक पुलिस वाहन में रखा और उपचार के लिए वन विभाग के कार्यालय पहुंचाया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्तों ने शावक को चारों ओर से घेर लिया था. हमले में उसके शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट आई. यदि ग्रामीण समय पर नहीं पहुंचते तो शावक की जान को खतरा हो सकता था. वन विभाग के अधिकारियों ने घायल शावक को अपने संरक्षण में लेकर उसका उपचार शुरू कर दिया है. अधिकारियों के अनुसार शावक की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्वस्थ होने के बाद उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा. ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर प्रभावी

नियंत्रण की मांग भी की है. घटना के दौरान ग्रामीणों की तत्परता और डायल112 टीम की संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की गई.

बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू

आगर-मालवा, 29 जून. आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से मोतीसागर तालाब पर होमगार्ड जवानों के लिए विशेष तैराकी एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया. महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश श्रीमती ऋचा श्रीवास्तव तथा कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण 29 जून से 12 जुलाई तक दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है.प्लाटून कमांडर श्रीमती कविता सोलंकी एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है. प्रशिक्षण का उद्देश्य 50 वर्ष तक की आयु के होमगार्ड जवानों को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों में दक्ष बनाना है.

महाविद्यालय में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

शाजापुर, 29 जून. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा. प्रवेश सर्वप्रथम नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पों से स्वागत किया जाएगा. तत्पश्चात मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी. जिसके बाद विद्यार्थियों को कॉलेज की संपूर्ण जानकारी एवं कॉलेज का भ्रमण भी करवाया जाएगा.कार्यक्रम में विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी अध्यक्ष विपुल कसेरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

धार्मिक भावनाएं आहत करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

सुसनेर, 29 जून. जमीयत उलेमा-ए-हिंद जिला आगर मालवा की ओर से सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुसनेर के माध्यम से कलेक्टर आगर मालवा के नाम ज्ञापन सौंपकर नाजिया इलाही खान द्वारा पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद एवं उम्मुल मोमिनीन हजरत आयशा की शान में कथित रूप से की गई आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई.

ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर की गई ऐसी टिप्पणियों से करोड़ों भारतीय मुसलमानों की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं. साथ ही इस प्रकार के बयान सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकते हैं. उलेमा कमेटी ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर भारतीय कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तत्काल एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और जिले व प्रदेश में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे.

बैंक, एटीएम और सीएससी केंद्रों पर साइबर जागरुकता अभियान

सेफ क्लिक अभियान 2 .0 के तहत आमजन को वित्तीय साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

सुसनेर, 29 जून. पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाए जा रहे सेफ क्लिक अभियान 2.0 के अंतर्गत सोमवार को बैंक एवं वित्तीय सुरक्षा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर सुसनेर क्षेत्र के विभिन्न बैंकों, एटीएम, डाकघरों एवं कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को डिजिटल माध्यम से होने वाली वित्तीय साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया. लोगों को

बताया गया कि डिजिटल अरेस्टए केवाईसी अपडेट के नाम पर की जाने वाली धोखाधड़ी, ओटीपी साझा करने के जोखिम, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी निवेश योजनाओं के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी तथा अन्य वित्तीय अपराधों से कैसे बचा जा सकता है. इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, यूपीआई पिन या पासवर्ड साझा न करें. किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन लेन-देन की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करें. पुलिस ने कहा कि जागरुकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है. इसलिए प्रत्येक नागरिक सतर्क रहें और दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें.

एक नजर में ▶ **वर्षाकाल में लक्ष्य अनुरूप वृहद स्तर पर पौधारोपण को दें बढ़ावा**

मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम रखें

आगर-मालवा, 29 जून. कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीएस सोलंकी, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

कलेक्टर ने वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए वेक्टर जनित एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया आदि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए तथा सभी शासकीय अस्पतालों में दवाइयों, उपचार एवं आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. साथ ही पेयजल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई एवं जल की गुणवत्ता की जांच कर नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल में जनसहभागिता के साथ जिले में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाए. सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पौधारोपण कर उसकी जानकारी वन विभाग को उपलब्ध कराएं. उन्होंने अधिकाधिक स्थानों पर मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे कम क्षेत्र में सघन एवं तेजी से विकसित होने वाले हरित क्षेत्र तैयार किए जा सकते हैं. रोपित पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए.

शिकायत को नॉन अटेंडेंट नहीं रहने दें . . .

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण कर जिले की ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए . उन्होंने विशेष रूप से 50 एवं 100 दिवस से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा किसी भी विभाग की शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहने के निर्देश दिए . साथ ही जिन अधिकारियों की नवीन पदस्थापना हुई है, उन्हें सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल तत्काल अद्यतन करने एवं शिकायतों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए .

बाइक सवार घायल

शुजालपुर, 29 जून. मंडी क्षेत्र के एमजी रोड पर बाइक चालक कुत्ते को बचाने में दुर्घटना ग्रस्त हो गया और उसे सिर में गंभीर चोट आई, जिसे सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया. जानकारी के अनुसार चंद्रप्रकाश पिता मानसिंह कुशवाह 30 वर्ष निवासी बाढ़पुर बाइक से जा रहा था. तभी पोस्ट ऑफिस के सामने बंदर का पीछा कर रहा एक आवारा कुत्ता सड़क पर अचानक आ गया, जिसे बचाने के दौरान चंद्रप्रकाश की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गया, जिससे वह अचेत हो गया. आसपास के रहवासियों ने ऑटो की मदद से चंद्रप्रकाश को सिविल अस्पताल शुजालपुर पहुंचाया. जहां उसका उपचार किया गया.